महिन्द्रा कृष-ई-चैम्पियन अवार्ड्स विजेताओं के नाम घोषित

4 श्रेणी में 10 किसानों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

मुंबई। देश की अग्रणी ट्रैक्टर कंपनी महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा फार्म इक्विपमेंट सेक्टर ने 30 जनवरी 2021 को महिन्द्रा कृष-ई-चैम्पियन अवार्ड्स विजेताओं की घोषणा कर दी है। महिन्द्रा का कृष-ई-चैम्पियन अवार्ड्स पूर्व में वर्ष 2011 में कंपनी द्वारा स्थापित महिन्द्रा समृद्धि इण्डिया एग्री अवार्ड्स की जगह शुरू किया गया है। कृष-ई-चैम्पियन अवार्डस के प्रथम संस्करण में 4 श्रेणिययों के अन्तर्गत 10 उत्कृष्ट किसानों को यह राष्ट्रीय अवार्डस प्रदान किया जायेगा। महिन्द्रा द्वारा इस अवार्डस को शुरू करने का उद्देश्य उन्नतशील किसानों को उनकी मेहनत के लिये सम्मानित करना है। महिन्द्रा का सोचना है कि रात-दिन मेहनत करके किसान भाई अन्न उपजाते हैं जिससे दुनिया भर को खाद्यान्न मिलता है। इस दृष्टि से किसानों को सम्मानित करना महिन्द्रा परम सौभाग्य समझता है।

महिन्द्रा का कृष-ई-चैम्पियन अवार्ड्स चार श्रेणियों तकनीक चैम्पियन, महिन्द्रा किसान चैम्पियन, युवा किसान चैम्पियन एवं रेंटल पार्टनर चैम्पियन के विजेता 10 किसानों को दिया जायेगा। इस वर्ष के पुरस्कारों की घोषणा के अनुसार महिला किसान अवार्ड रांची की सलोमी लकरा को दिया जायेगा। युवा किसान अवार्ड वर्धा (महाराष्ट्र) के हर्षल साहेबराव लम्बट को मिलेगा। तकनीक चैम्पियन अवार्ड तीन किसानों प्रथम बिहार शरीफ के मोहम्मद मिनहाज अलार्म, दूसरा महबूबनगर के बुक्का आनंद व तीसरा पुरस्कार बेरी के अजय सिंह को दिया जायेगा। रेन्टल पार्टनर चैम्पियन के तहत प्रथम पुरस्कार विदिशा (म.प्र.) के सचिन रघुवंशी, दूसरा शिवराजपुर के अजय यादव एवं तीसरा बाढ़ के सुरेन्द्र यादव को प्रदान किया जायेगा। विशेष श्रेणी के अन्तर्गत रेन्टल बी 2 बी पार्टनर चैम्पियन अवार्ड गांधी नगर के विपुल पटेल एवं पंजाब के कुलदीप सिंह पायेंगे।

महिन्द्रा कृष-ई-चैम्पियन अवार्डस लांचिंग के मौके पर कंपनी के प्रेसीडेन्ट फार्म इक्विपमेंट सेक्टर श्री हेमन्त सिक्का ने कहा कि महिन्द्रा समृद्धि एग्री अवार्ड्स की अपार सफलता एवं लोकप्रियता के पश्चात महिन्द्रा कृष-ई-चैम्पियन अवार्ड्स स्थापित किया गया है। यह अवार्डस किसानों को खेती में विकास करने के लिये प्रेरित करेगा। देश के किसान अधिकाधिक अनाज उत्पादन करके देश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

महिन्द्रा के सीनियर वाइस प्रेसीडेन्ट श्री रमेश रामचन्द्रन ने कहा है कि महिन्द्रा कृष-ई-चैम्पियन अवार्डस किसानों को उन्नत खेती करने के लिये प्रेरित करेगा। खेती की उत्पादन लागत कम करके कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देकर किसान भाईयों को आमदनी बढ़ाने में मदद करेगा।

महिन्द्रा ने किसानों के लिये 'एक्सपर्ट तकनीक नये उपाय-परिणाम दिखाये' टैग लाइन के साथ विश्वास व्यक्त किया है कि महिन्द्रा कृष-ई-चैम्पियन अवार्ड्स देश के उन्नतशील किसानों को खेती में नवाचार अपनाकर उत्पादन बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित करेगा।